# बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का 69 प्रतिशत काम पूरा

**तेजी**

**687** स्ट्रक्चर 818 में से पूरे किए जा चुके हैं

राज्य मुख्यालय | **प्रमुख संवाददाता**

यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा है कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का 69 फीसदी भौतिक काम पूरा हो गया है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया गया आरओबी व स्ट्रक्चर्च का निर्माण कार्य भी जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने गुरुवार को बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के निर्माण कार्य को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान निर्माण कंपनियों से संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

उन्होंने टोल प्लाजा व टॉयलेट ब्लॉक्स के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि शेष बचे मिट्टी के काम को तेजी से खत्म कराया जाए। परियोजना में आने वाले शेष बचे यूटिलिटी शिफ्टिंग के काम को भी जल्द पूरा किया जाए। उन्हें बताया गया कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर पड़ने वाले यमुना और बेतवा नदी पर पुलों का निर्माण चल रहा है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे में अब तक क्लीयरिंग व ग्रबिंग का काम 99.85 प्रतिशत पूरा हो गया है।